आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2026 / 11:00बजे

प्रादेशिक समाचार

चुनाव आयोग

प्रदेश में 51 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग ने प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। आयोग ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के जिला या अधिकार क्षेत्र छोड़ने पर रोक लगा दी है। आयोग ने ये कदम चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के उद्देश्य से उठाया है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, व एसडीएम और पुलिस अधीक्षक अपने–अपने जिलों और कार्य क्षेत्र में ही तैनात रहेंगे।

इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश में 51 शहरी निकायों के कुल 4 सौ 49 पदों पर 17 मई को मतदान होगा जिनमें से महिलाओं के लिए 195 पद आरक्षित हैं।

जन आक्रोश रैली

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज शिमला के चौड़ा मैदान में महिलाओं द्वारा जन आक्रोश पद यात्रा आयोजित की जा रही है। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन न देने पर महिलाएं कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संसद में हुए घटनाक्रम ने कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बिंदल ने कहा कि भाजपा आगामी पंचायती राज चुनावों के लिए तैयार है और पार्टी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के सहयोगी की भूमिका निभाएगी।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा पर महिला आरक्षण बिल को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुददे पर सिर्फ राजनीति कर रही है। विनय कुमार ने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में सभी दलों के सहयोग से संसद में पारित हो चुका है लेकिन केंद्र सरकार ने इसे अब तक लागू नहीं किया है। उन्होंने आगामी शहरी निकायों व पंचायत चुनावों में पार्टी की जीत का दावा किया। विनय कुमार ने

कहा कि सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से ग्रामीण क्षेत्र के लोग खुश हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचनाओं को निराधार बताया।

कांग्रेस

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रदेश मामलों की प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य में 4 नगर निगमों के चुनावों के लिए तुरंत प्रभाव से प्रभारियों की नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया है। पार्टी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सोलन, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मंडी का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को पालमपुर व पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर एस बाली को धर्मशाला का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पीएम –इंटर्नशिप योजना

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी शामिल किया है। इसके अंतर्गत 18 से 25 वर्ष की आयु के अंतिम वर्ष के छात्र भी अब पी.एम.आई.एस पोर्टल के माध्यम से शीर्ष कंपनियों में सशुल्क इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। केन्द्रीय कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ने कहा कि छात्रों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि इंटर्नशिप में भाग लेने से उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में कोई बाधा नहीं आएगी।

कुपोषण

कांगड़ा जिला को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए आठवें पोषण पखवाड़े की शुरूआत की गई है। इसके तहत जिला के पालमपुर में मिशन भरपूर के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया है।